दिनांकः 26.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अहमदाबाद में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन का उद्‌घाटन करेंगे–100 देशों को निर्यात किये जाने वाले बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों को झंडी दिखाएंगें
- सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की 'राजकिसान साथी' परियोजना राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानितं
- प्रदेश में बारिश का दौर जारीं सिरोही, उदयपुर और जालौर जिलों के बहुत भारी बरसात का अलर्टं
- गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर प्रदेशभर में उल्लास का माहौल–सवाईमाधोपुर का त्रिनेत्र गणेश मेला आज से शुरूं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अहमदाबाद के हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन का उद्‌घाटन करेंगें इसके अलावा 100 देशों के लिए निर्यात किये जाने वाले बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाएंगें इस उपलब्धि के साथ, भारत अब इलेक्ट्रिक वाहनों के वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में काम करेगां इस अवसर पर श्री मोदी उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगें इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद के खोडलधाम मैदान में पांच हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कियां इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों, पशुपालकों और छोटे उद्यमियों के हित राष्ट्र के लिए सर्वोपरि हैं उन्होंने कहा कि किसी भी दबाव में इन समूहों को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगां

................

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने किसानों के कल्याण और हितों को वरीयता देने के लिए अमरीका के कृषि उत्पादों के आयात की अनुमति देने से इंकार कर दिया हैं भोपाल में भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह में श्री चौहान ने कहा कि नया भारत विश्वास से परिपूर्ण हैं सरकार किसी ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करेगी जो भारतीय किसानों और मछुआरों के हितों के विरुद्ध हों श्री चौहान ने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आह्‌वान कियां

................

000

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की 'राजकिसान साथी' परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया हैं जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में आयोजित समारोह में ये सीआईपीएस इनोवेशन अवार्ड प्रदान कियां सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस उपलब्धि पर विभाग को बधाई देते हुए नवाचारों की सराहना कीं एक रिपोर्ट –

................

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन इस स्वतंत्रता का उपयोग गरिमापूर्ण तरीके से किया जाना चाहिएं श्री बिरला ने कल दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन के समापन सत्र में यह बात कहीं श्री बिरला ने सभी अध्यक्षों से सदन के कामकाज को अधिक पारदर्शी और जनता के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाने का आग्रह कियां उन्होंने कहा कि विधायी संस्थाओं की गरिमा कम होना चिंता का विषय हैं

इस बीच, श्री बिरला आज एक दिन के दौरे पर कोटा पहुंचेंगें वे वहां दादाबाड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नये ओपीडी ब्लॉक और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगें

000

प्रदेश के विकास के संकल्प पर संवाद कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दूसरे दिन भी भाजपा सांसदों और विधायकों के साथ संवाद करेंगें मुख्यमंत्री निवास पर हो रहे इस कार्यक्रम के दौरान विकसित राजस्थान–2047 की रूपरेखा पर मंथन किया जा रहा हैं साथ ही जनहित योजनाओं के कियान्वयन और बजट घोषणाओं की प्रगति को लेकर चर्चा की जा रही हैं

000

प्रदेश में मॉनसून की बारिश की गतिविधियां जारी हैं मौसम विभाग ने आज 11 जिलों के लिए बरसात का अलर्ट जारी किया हैं सिरोही, उदयपुर और जालौर जिले के लिए बहुत भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट हैं वहीं अलवर, बांसवाडा, डूंगरपुर, झुंझुनूं, राजसमंद, बाडमेर, चूरू और पाली के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया हैं

इस बीच, भरतपुर में रात से ही रुक–रुक का बारिश हो रही हैं बारेठा बांध का जल स्तर बढने से इसके पांच गेट खोलकर कुंकुंद नदी में पानी की निकासी की जा रही हैं नदी के बहाव क्षेत्र में आने वाले ककरुआ, खातीपुरा, कंजौली और माड़ापुर सहित कई गांवों का सम्पर्क कट गया हैं पाली में हो रही लगातार बारिश से हेमाबास और सरदार समंद बांधों सहित सभी छोटे बडे बांधों पर चादर चल रही हैं बेड़ा नदी पूरे वेग से बह रही हैं उदयपुर में बारिश के चलते फतेह सागर छलकने को तैयार हैं बीते दो–तीन दिनों में झील में करीब एक फुट पानी की आवक हुई हैं इस बीच, सवाईमाधोपुर में बरसात का दौर थमने के बाद हालात धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं जिला कलक्टर काना राम ने कल सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक कीं उन्होंने अधिकारियों को जल भराव और तेज गति से पानी के बहाव से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं

000

गणेश चतुर्थी का पर्व कल श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगां इसे लेकर प्रदेशभर में विशेष उत्साह का माहौल नजर आ हैं लोग विभिन्न मुद्राओं वाली गणपति प्रतिमाओं को अपने घरों में स्थापित करेंगें साथ ही जगह–जगह पंडाल बनाकर भी भगवान गणेश की आराधना की जाएगीं

इस बीच, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने लोगों से पर्यावरण के अनुकूल, मिट्टी या गाय के गोबर से बनी गणेश मूर्ति स्थापित करने की अपील की हैं

................

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में प्रदेश के सभी गणेश मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर और प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं राजधानी जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मन्दिर में दर्शनार्थियों के आवागमन के मद्देनजर आज और कल के लिए यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं

उधर, सवाईमाधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में आज से लक्खी मेले का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ हुआं हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में कल से ही पदयात्रियों का आना शुरू हो गया हैं

................

उधर, जैसलमेर के रामदेवरा में चल रहा बाबा रामदेव का मेला परवान पर हैं इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं

000